# उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, बहादराबाद, हरिद्वार–249402(उत्तराखण्ड)

पत्रांक सं0–823/नि0/ 2019 दिनांक–15-11-2019

## सीमित निविदा पृच्छा

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय हरिद्वार के परीक्षा विभाग हेतु 50000 'अ' उत्तरपुस्तिकाओं का मुद्रण कराया जाना है। जिस हेतु **सीमित निविदा पृच्छा** द्वारा निविदा आमंत्रित की जा रही है। विश्वविद्यालय में निविदा हेतु निर्धारित आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.usvv.ac.in से डाउनलोड कर निविदा प्रपत्र शुल्क–रू0–1180/–(जी0एस0टी0सहित) का बैंक ड्राफ्ट जो कि **वित्त नियंत्रक, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार** के पक्ष मे देय होगा, के साथ अंतिम तिथि दिनांक–30.11.2019 तक स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक द्वारा अपराह्न–3:00 बजे तक जमा करायी जा सकती हैं। निविदायें उसी दिन 3:30 बजे खोली जाएगी इच्छुक निविदादाता उपस्थित रह सकते है। अन्तिम तिथि के पश्चात निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। निविदा के संदर्भ में **कुलसचिव, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय हरिद्वार** का निर्णय अंतिम होगा।

(गिरीश कुमार अवस्थी)
कुलसचिव

उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय हरिद्वार।
बहादराबाद, हरिद्वार–249402

पत्रांक सं.–823./प्र0/2019 दि0–15.V.19

## निविदा 2019–20

उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय हरिद्वार में स्टेशनरी सामग्री, सफाई सामग्री क्रय किये जाने हेतु विज्ञापन द्वारा निविदा पृच्छा आमंत्रित की जा रही है। विश्वविद्यालय में निविदा हेतु निर्धारित आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। विस्तृत सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.usvv.ac.in से प्राप्त कर सकते है।

(गिरीश कुमार अवस्थी)
कुलसचिव

# उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय हरिद्वार।

पत्रांक सं0– 823 /नि0/2019 सीमित निविदा पृच्छा दिनांक– 15.11.2019

प्रेषक,

कुलसचिव
उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय
हरिद्वार।

सेवा में,

..........................................
..........................................
..........................................

**विषय–उत्तराखण्ड संस्कृत विश्विद्यालय के परीक्षा विभाग हेतु 50000 'अ' उत्तरपुस्तिका की दरें उपलब्ध कराने के समबन्ध में।**

महोदय,

उर्पयुक्त विषयक अपको अवगत कराना है कि उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय हरिद्वार के परीक्षा विभाग हेतु 50000 'अ' उत्तरपुस्तिकाओं का मुद्रण कार्य किया जाना है। जिस हेतु दरें उपलब्ध करायी जाने हेतु सीमित निविदा पृच्छा आमन्त्रित की जाती है। दरों का विवरण निम्न निविदा प्रपत्र में उपलब्ध कराये –

| S.N. | Description | Quantity | Rate with GST Per copy | Total cost with GST |
|---|---|---|---|---|
| 1 | "A" answer copy(32+4 pages)<br>Al pages Single colour Offset Printed with university logo and ruling...<br>Tag punch & university logo punch...<br>with numbering on cover page.<br>70 gsm A grade maplitho paper<br>Size: 9x11 inch . | 50000 | | |

अतः उक्त प्रपत्र में दि0–30.11.2019 सायं 3.30 बजे तक अ' उत्तरपुस्तिकाओं के मुद्रण कार्य कि दरें उपलब्ध कराये।

(गिरीश कुमार अवस्थी)
कुलसचिव

# उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय हरिद्वार, के वर्ष–2019–20 हेतु मुद्रण सम्बन्धित नियम व शर्ते।

1. निविदा फार्म के साथ 'वित्त नियंत्रक उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार के नाम से (बन्धक) रू0–25000.00का बैंक ड्राफ्ट धरोहर राशि के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर राशि के निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
2. जिस फर्म की निविदा स्वीकार होगी उसकी धरोहर धनराशि जमानत के रूप में रखी जायेगी। अन्य धरोहर राशि निविदा स्वीकृत न होने की दशा में वापस कर दी जायेगी।
3. सशर्त निविदा किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जायेगी।
4. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार कुलसचिव उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार को होगा।
5. भुगतान की दशा में नियमानुसार देय कर तथा अन्य कर की कटौती की जायेगी।
6. फर्म द्वारा सामग्री की आपूर्ति कार्यादेश में दी गयी अवधि के भीतर किया जाना अनिवार्य है। आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा सभी मुद्रण सामग्रियों की आपूर्ति एवं मुद्रण कार्य विश्वविद्यालय की मांग एवं विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गयी नमूनों के अनुरूप विश्वविद्यालय कार्यालय में समयान्तर्गत करना सुनिश्चित करेंगी।
7. विश्वविद्यालय द्वारा फर्म के बिलों का भुगतान संतोषजनक कार्य होने के उपरान्त ही किया जायेगा।
8. मुद्रण सामग्री में किसी भी प्रकार की गुणवत्ता मे कमी होने कि दशा में विश्वविद्यालय को पूर्ण अधिकार होगा कि फर्म के देय भुगतान से युक्तियुक्त राशि घटा लें।
9. फर्म द्वारा आपूर्ति कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप ही करना अनिवार्य होगा। इसके किसी भी प्रकार की त्रुटि होने से होने वाले नुकसान की प्रतिपूर्ति फर्म से की जायेगी।
10. मुद्रण सामग्री को विश्वविद्यालय में पहुंचाने का दायित्व फर्म का होगा।
11. फर्म यह सुनिश्चित कर ले कि फर्म द्वारा आपूर्ति कि गयी सामग्री की दरें वित्तीय वर्ष 2019–20 हेतु अनुमोदित की जायेंगी।

मैं/हम फर्म स्वामी ..........................................घोषणा करता हूँ/करते हैं कि मेरे/हमारे द्वारा निविदा प्रक्रिया व मुद्रण सम्बन्धित सभी शर्तों को भली प्रकार से पढ़कर समझ लिया गया है।मैं/हम इन सभी–शर्तों/नियमों का पालन पूर्ण मनोयोग से करूगां/करेंगे।

निविदा/निविदादाओं के हस्ताक्षर एवं मुहर

कुलसचिव
उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय
हरिद्वार।